# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2019-21

वर्ष : ०५ | अंक : ०८ | मुंबई, शुक्रवार २५ जनवरी से ३१ जनवरी २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और मायावती को मिलेगी 'मुर्दों' से कड़ी टक्कर





**मुंबई,** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित किया जा चुका एक व्यक्ति चुनाव लड़ेगा. जी हां इसका ऐलान शुक्रवार को मृतक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बिहारी ने श्मसान घाट पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा. लाल बिहारी ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि जितने भी पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं उनके खिलाफ वह एक मुर्दे को चुनावी दंगल में उतारेंगे.

मृतक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल बिहारी का कहना है हमारा उद्देश्य सरकारी विभागों में व्याप्त धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ लड़ाई लड़ना है. लाल बिहारी का उद्देश्य है कि इन समस्याओं के चलते जिन जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया है और वे अपने मौलिक अधिकारों के लिए सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, उनको न्याय दिलवाना है .लाल बिहारी ने कहा कि वह खुद प्रधानमंत्री के खिलाफ वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर जनता की अदालत में इंसाफ की आवाज को बुलंद करेंगे. इसके साथ ही साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती, समाजवादी पार्टी (एसपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि दिग्गज नेताओं के खिलाफ चुनाव लड़ाने के लिए मृत घोषित व्यक्तियों को भी मैदान में उतारेंगे. जिसके लिए उपर्युक्त उम्मीदवारों की तलाश जारी है.

इस लड़ाई को लड़ने के लिए लाल बिहारी मृतक ने मृतक संघ के नाम से एक संगठन भी बनाया है, जो ऐसे लोगों की लड़ाई लड़ते है. मृतक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शुक्रवार को एलान किया कि वह आगामी लोकसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री के खिलाफ मृतक को चुनाव लड़ाएंगे और इसके लिए उन्होंने प्रत्याशी भी ढूंढ लिया है हालांकि उन्होंने प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया. उन्होंने कहा कि सभी पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ भी वह प्रत्याशी मैदान में उतारेगे और वह प्रत्याशियों की तलाश कर रहे हैं.

# मोदी–योगी के लिए चुनौती प्रियंका – सिंधिया !





**संवाददाता**

**मुंबई,** उत्तर प्रदेश में वेंटिलेटर पर पड़ी कांग्रेस को २०१९ लोकसभा चुनाव से पहले जिंदा करने के लिए पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपना सबसे बड़ा दांव चल दिया है. इसके लिए राहुल ने अपने सबसे दो खास लोगों प्रियंका गांधी और जियोतिरादित्य सिंधिया को मोर्चे पर उतार दिया है. राहुल ये जानते हैं कि देश जीतना है तो पहले यूपी जीतना होगा. प्रियंका गांधी के राजनीति में कदम रखने के साथ ही उन्हें पूर्वांचल की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो पश्चिम यूपी का प्रभार ज्योतिरादित्य सिंधिया के कंधों पर है. ऐसे में सवाल है कि दोनों नेताओं में से किसके सामने ज्यादा बड़ी चुनौती है.

बता दें कि उत्तर प्रदेश की कुल ८० लोकसभा सीटों में से अगर लखनऊ को सेंट्रल प्वाइंट मानते हैं तो पश्चिम यूपी में ४३ और पूर्वांचल में ३७ लोकसभा सीटें आती हैं. इस तरह से ज्योतिरादित्य सिंधिया के जिम्मे प्रियंका गांधी से ज्यादा सीटें आई हैं. इसके अलावा २०१४ के लोकसभा चुनाव को देखें तो पश्चिम यूपी में एक भी सीट कांग्रेस को नहीं मिली थी. जबकि कांग्रेस के खाते में आने वाली दो सीटें अमेठी और रायबरेली भी पूर्वांचल के खाते में हैं. इतना ही नहीं इस बार के लोकसभा के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने भी इन दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार को नहीं उतारने का फैसला किया है. इस ऐलान ने प्रियंका की राह को और भी आसान कर दिया है. उत्तर प्रदेश की सियासी रणभूमि प्रियंका गांधी के लिए नई नहीं है. १९९९ से प्रियंका रायबरेली और अमेठी में चुनाव प्रचार की कमान संभालती रही हैं. इसके चलते आसपास के जिलों में भी उनका प्रभाव रहा है. दोनों जिलों के संगठन और क्षेत्र के लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखती हैं. सूबे में 'प्रियंका लाओ-यूपी बचाओ' के पोस्टर कई बार लग चुके हैं. वहीं, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश की सियासत में सक्रिय रहे हैं, उनके लिए पश्चिम यूपी नया है. यहां न तो पार्टी के नेताओं से बहुत ज्यादा पहचान है और न ही इस इलाके का कोई अनुभव है.

हालांकि, पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो सिंधिया से ज्यादा प्रियंका के लिए चुनौतीपूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश है. कुशीनगर और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट को छोड़कर पार्टी पूर्वांचल के किसी भी सीट पर बेहतर चुनाव नहीं लड़ सकी थी. जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर, गाजियाबाद, कानपुर, धौरहरा, रामपुर जैसी सीटों पर कांग्रेस एक लाख से ज्यादा वोट पाने में सफल रही थी. इसके अलावा कई सीटें थीं, जहां पार्टी एक लाख के करीब वोट पाई थी.

अखिलेश यादव और मायावती का सबसे ज्यादा आधार पश्चिम यूपी में है, क्योंकि दोनों नेता इसी क्षेत्र से आते हैं. इन दोनों पार्टियों ने गठबंधन किया है और माना जा रहा है चौधरी अजित सिंह की पार्टी आरएलडी भी इसका हिस्सा बन सकती है. ऐसे में जातिय समीकरण के लिहाज से गठबंधन का पल्ला भारी दिख रहा है. इस तरह से सिंधिया को कांग्रेस की जमीन को मजबूत करने के लिए अखिलेश और मायावती से मुकाबला करना होगा.

वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनारस से सांसद हैं और सीएम योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से आते हैं. इसके अलावा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्रनाथ पांडेय भी पूर्वांचल से आते हैं. इस तरह से प्रियंका गांधी को मोदी–योगी से सीधे मुकाबला करना होगा. हालांकि ये इलाका एक दौर में कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है. इन इलाकों से आने वाले कमलापति त्रिपाठी और वीर बहादुर सिंह जैसे नेता कांग्रेस की ओर से सीएम रहे हैं. कांग्रेस प्रियंका के जरिए पूर्वांचल में ब्राह्मणों को साध कर अपनी नैया पार लगाना चाहती है. लोकसभा चुनाव में महज तीन महीने से भी कम वक्त बचा हुआ है. ऐसे में पश्चिमी यूपी में कांग्रेस पार्टी के अंदर जान फूंकने की जिम्मेदारी सिंधिया के कंधों पर होगी और पार्टी के लिए जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश करना भी एक बड़ी चुनौती है. मुजफ्फरनगर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, रामपुर, संभल, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़ और आगरा जैसी सीटों पर जिताऊ कैंडिडेट कांग्रेस के पास नजर नहीं आ रहे हैं. हालांकि पूर्वांचल में भी ऐसी ही किल्लत है, लेकिन प्रियंका गांधी के आने के बाद जिस तरह से पार्टी में उत्साह दिख रहा है, उससे कांग्रेस की ये परेशानी दूर हो सकती है.

## लोकसभा चुनावों से पहले बढ़ी कांग्रेस की दिक्कत

### राजस्थान में गहलोत सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे गुर्जर

**जयपुर:** लोकसभा चुनाव के दिन नजदीक आने के साथ ही राजस्थान में एक बार फिर गुर्जर आरक्षण का मुद्दा गर्माने जा रहा है. राजस्थान में गुर्जरों ने बीस दिन बाद आंदोलन की चेतावनी दी है. जिसके चलते नवनिर्वाचित गहलोत सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है. ऐसे में अगर बात नहीं बनती है तो एक बार फिर गुर्जर आंदोलन से राजस्थान को सुलगने से कोई नहीं रोक पाएगा.गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक किरोड़ी सिंह बैंसला ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान सरकार गुर्जर आरक्षण पर २० दिन में स्थिति स्पष्ट करें नहीं तो आंदोलन शुरू किया जायेगा. राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि गुर्जर आरक्षण के लिये खंडार में २७ जनवरी, नैंनवां में एक फरवरी, अजमेर में पांच फरवरी और दौसा में १३ फरवरी को गुर्जर समाज के लोगों की पंचायत की होगी.इसके साथ ही बैंसला ने अति पिछडा वर्ग के कर्मचारियों से आंदोलन में सहयोग करने का आग्रह किया है. बता दें कि पिछली बार के गुर्जर आरक्षण आंदोलन की वजह से राज्य में भारी नुकसान हुआ था. एक रिपोर्ट के अनुसार गुर्जर आरक्षण की वजह से तक़रीबन १४५ करोड़ रुपए की सरकारी संपत्ति जबकि निजी क्षेत्र को १३ हजार ५०० करोड़ रूपए से ज्यादा का नुकसान हुआ था.गौरतलब है कि गुर्जर समाज ओबीसी का वर्गीकरण कर पांच फीसदी अलग से आरक्षण की मांग कर रहा है. मौजूदा समय में गुर्जर समाज को एमबीसी (मोस्ट बैकवर्ड क्लास) के तहत एक फीसदी का आरक्षण लाभ दिया जा रहा है.

## २६ जनवरी से पहले महाराष्ट्र ATS की बड़ी कार्रवाई, मुंबई और औरंगाबाद से ISIS के ९ संदिग्ध गिरफ्तार




**मुंबई,** गणतंत्र दिवस के जश्न के मौके पर अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने की फिराक में बैठे आईएसआईएस के संदिग्धों को पकड़ने में महाराष्ट्र एटीएस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है. महाराष्ट्र एटीएस ने मुंबई और औरंगाबाद से करीब ९ आईएसआईएस के संदिग्धों को हिरासत में लिया है. जानकारी के अनुसार, इन संदिग्धों में ज्यादातर इंजीनियर हैं. एटीएस द्वारा मुंबई से गिरफ्तार किए गए इन संदिग्धों में मोहम्मद मजहर शेख, फहाद शाह, मोहसिन खान नाम के आरोपियों से पूछताछ की गई और फिर उन्हें मुंबई के कालाचौकी पुलिस स्टेशन ले जाया गया.बताया जा रहा है कि इन तीनों संदिग्धों को अदालत में पेश करने के बाद एटीएस इनकी कस्टडी की मांग करेगी. दरअसल, एटीएस को इस बात का संदेह है कि ये तीनों संदिग्ध आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए काम करते हैं.जानकारी के अनुसार, एटीएस की गिरफ्त में आए इन आरोपियों में फहाद शाह सिविल इंजीनियर है और सऊदी अरब में नौकरी पर जाने के लिए उसने अपना वीजा भी निकलाया है. वहीं मोहम्मद मजहर शेख के बारे बताया जा रहा है कि वो भिवंडी की एक कंपनी में कंप्यूटर इंजीनियर के तौर पर काम करता है, जबकि मोहसीन खान सिमकार्ड और मोबाइल फोन की दुकान चलाता है.फिलहाल पुलिस मुंबई और औरंगाबाद से गिरफ्तार किए गए सभी अन्य संदिग्धों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है. हालांकि गिरफ्तारी के बाद इन संदिग्धों के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेल्स, वॉट्सऐप चैट ग्रूप के मैसेजेस मिले हैं, जिनकी पड़ताल की जा रही है.

## आर.पी.एफ, जी.आर.पी.एफ. की संयुक्त सतर्कता अभियान सावधानी पूर्वक संपन्न



**मुंबई,** दिनाँक २३ -०१ - २०१९ को अंधेरी पश्चिम रेलवे प्लेटफार्म नंबर एक के पहले माले के टिकट काउंटर के बाहर आर.पी.एफ, जी.आर.पी. एफ, की संयुक्त सतर्कता अभियान सावधानी पूर्वक संपन्न हुई.

इस सतर्कता अभियान में ए.टी.एस, बी.डी.डी.एस. पथक द्वारा एन्टी सबोटाज 'मोक ड्रिल' सावधानीपूर्वक किया गया, जिसमें आर. पी. एफ. के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अंधेरी शामिल थे. इस अभियान में एस. आई. पी. एफ. ए. एस. आई. २, एच. सी. १ सी. टी. ५, एम.सी.एफ.महिला पुलिस २ तथा ८ पुरूष जी.आर.पी. एफ,वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अंधेरी,पुलिस उप निरीक्षक ३ व अन्य पथक शामिल थे.

## हैकर सैयद शुजा का बड़ा दावा, कहा- २०१४ के लोकसभा चुनाव में हैक हुई थी EVM, बीजेपी नेता गोपीनाथ मुंडे को था मालूम इसलिए गई जान

**लंदन:** भारत में चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) को लेकर हैकर सैयद शुजा ने एक बड़ा दावा किया है. उसकी माने तो २०१४ के लोकसभा चुनाव में ट्रांसमीटर के जरिए ईवीएम हैक हुई थी. इस बात की जानकारी बीजेपी वरिष्ठ नेता गोपीनाथ मुंडे को था इसलिए उनकी जान गई. यह दावा भारतीय मूल के अमेरिकी टेक एक्सपर्ट सैयद शुजा ने की है. उसके इस सनसनी खेज खुलासे के बाद देश की राजनीतिक माहौल गरमा गई है. हैकर शुजा ने ये सारी जानकारी लंदन में एक प्रेस कांफ्रेंस करके दी है. उसने यह भी दावा किया है कि २०१५ के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी उसने आम आदमी पार्टी के पक्ष में ईवीएम को हैक किया था. मीडिया ने उससे जब सवाल पूछा कि ईवीएम को हैक कैसे किया जा सकता है.

इस सवाल पर सैयद शुजा ने कहा कि ट्रांसमीटर के जरिए इसे बड़े ही आसानी से हैक किया जा सकता है. उनसे बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उसके साथ १४ लोगों की उसकी टीम दिल्ली आई थी. उसके टीम के लोगों ने दिल्ली चुनाव के दौरान EVM को हैक किया था.


बता दें कि हैकर सैयद शुजा ने यह भी दावा किया है कि वह ईवीएम बनाने वाली टीम का वह हिस्सा रह चुका है. इसलिए वह हैक करने का तरीका जानता है. उसके इस दावा के बाद जहां राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर हमला कर रही है.

## जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन की साईगीता विष्णू नाईक महिला अर्ध मैराथन में दूसरे स्थान पर



**मुंबई,** दिनांक २० जनवरी २०१९ को 'मुंबई मैराथन २०१९' संपन्न हुआ, जिसमें जोगेश्वरी पुलिस ठाणे मपोशि क्र ०११३३७० साईगीता विष्णू नाईक ने २१ किलोमीटर की महिला अर्ध मैराथन में भाग लिया था। उन्होंने यह दौड़ १ घंटा १९ मिनट में पूरी की, जिसमें उन्हें दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस जीत के लिए उन्हें जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बधाई दी।






## संपादकीय...

# कपास के रेशे

*पिछले साल के अंत में चीन से एक खबर आई थी कि वहां कपास की पैदावार लगातार बढ़ रही है। चीन कपास का और सबसे बड़ी बात है कि कपड़ों का बहुत बड़ा निर्यातक है, इसलिए इसे एक सामान्य खबर माना गया। बेशक इसके पीछे चीन के किसानों की बड़ी मेहनत होगी, लेकिन इसे कारोबारी अखबारों में भी ज्यादा जगह नहीं मिली। लेकिन इसके ढाई सप्ताह बाद ही चीन का एक कपास का पौधा पूरी दुनिया की सुर्खियों में छा गया। यह पौधा नहीं, बल्कि मूल रूप से एक छोटा सा अंकुर था, जो चीन ने चांद पर उगाया था। चीन से सिर्फ इसकी खबर ही नहीं आई, बल्कि इस अंकुर का फोटो भी आया- एक सिंथेटिक सी जाली के उस पार मिट्टी में उगा नन्हा सा अंकुर। यह तस्वीर शायद कई गुना बड़ी करके तैयार की गई थी। इसे चांद पर उगा पहला पौधा बताया गया। एक तरह से शायद यह दावा सच भी था। इसके पहले कि पूरी दुनिया के वैज्ञानिक इस प्रयोग के विस्तार को समझते, यह खबर भी आ गई कि चीनी वैज्ञानिकों का प्रयोग बस इतना ही था, अब वह अंकुर नहीं है। तब तक यह भी साफ हो गया कि धान का अंकुर दरअसल चांद की धरती या मिट्टी पर नहीं उगा था, इसे चंद्रमा पर उतरने वाले चीन के यान चांगई-४ के भीतर नियंत्रित स्थितियों में उगाया गया था, यानी उसके भीतर वे सारी स्थितियां तैयार की गईं, जो हमारी धरती में होती हैं, यानी वही मिट्टी, वही तापमान और वही दबाव वगैरह। वैसे चीन का चांगई-४ अभियान काफी समय से चर्चा में है। पिछले दिनों यह तीन जनवरी को चर्चा में उस समय आया, जब चांद के उस दूरस्थ और अंधेरे इलाके में उतरा, जिसके बारे में जानकारी अभी बहुत कम है। इसके दो सप्ताह के भीतर ही जब अंकुरण की खबर आई, तो कई वैज्ञानिकों को इसमें आश्चर्य हुआ। यह यान जिस क्षेत्र में उतरा है, उसके बारे में माना जाता है कि वहां का तापमान आमतौर पर शून्य से ५२ डिग्री तक कम रहता है। इतने कम तापमान पर किसी भी पौधे में अंकुरण की संभावना नहीं है। वैसे भी, इस खबर को चीन की एक उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, किसी वैज्ञानिक प्रयोग के रूप में नहीं। अगर यह वैज्ञानिक प्रयोग होता, तो इसके मकसद और नतीजों की भी चर्चा होती। तो फिर इसका मकसद क्या था? हो सकता है कि चीन ने इसे किसी ऐसे प्रयोग के लिए किया हो, जिसके बारे में वह अभी दुनिया को बताना न चाहता हो, या इसकी असफलता के बाद उसने बाकी खबरों को रोक लिया हो। लेकिन इस पूरे मामले को अब एक अलग नजर से भी देखा जा रहा है। खासकर अंतरिक्ष व्यवसाय की दुनिया में माना जा रहा है कि यह अंकुर दरअसल चीन के उस प्रचार अभियान का हिस्सा था, जिसमें वह यह दिखा रहा था कि इस कारोबार में वह कितना आगे पहुंच गया है। इसलिए उसने चांद के उस क्षेत्र को चुना था, जहां तक कोई यान अभी तक नहीं पहुंचा है। ऐसा माना जाता है कि अंतरिक्ष व्यवसाय भविष्य का सबसे बड़ा व्यवसाय होने जा रहा है और चीन इसमें बड़े पैमाने पर निवेश करते हुए अपनी क्षमताओं की छवि बना रहा है, जबकि कुछ मामलों में तो इस क्षेत्र में वह भारत से भी पीछे है। कुछ उपलब्धियों के मामले में भी और सफलता की दर के मामले में भी। वैसे इस मामले में चीन को कठघरे में खड़े करने की जरूरत नहीं है, विज्ञान के नाम पर ऐसे प्रचार दुनिया के बहुत से देश करते रहे हैं।*

# बॉलीवुड समाचार



## छोटा शकील के डर से रानी मुखर्जी की कार में छिपे रहे शाहरुख खान, एक घंटे तक नहीं निकले बाहर

**सुमन मौर्या**

**शाहरुख** खान के लिए साल २०१८ काफी खराब रहा। शाहरुख की फिल्म जीरो बॉक्स ऑफिस में बुरी तरह से फ्लॉप हो गई है। ऐसे में पिछले कुछ साल शाहरुख के करियर के लिए काफी बुरे साबित हुए। हालांकि, शाहरुख को अपनी लाइफ में इससे पहले भी कई मुश्किल दौर से गुजर चुके हैं। ९० और २००० के शुरुआती दौर में अंडरवर्ल्ड का बॉलीवुड में काफी दखल था। एस.हुसैन जैदी की बुक- डोंगरी से दुबई तक के मुताबिक शाहरुख खान भी अंडरवर्ल्ड के शिकंजे से बचे नहीं थे। साल २००० में अबू सलेम और दाउद इब्राहिम के बीच दरार पड़ गई थी। दाउद और अबू सलेम के रिश्तों में खटास के बाद छोटा शकील को बॉलीवुड फिल्मों में फाइनेंसिंग और फिरौती वसूलने की जिम्मेदारी दी गई थी। ऐसे में छोटा शकील को अपना मनमाना काम मिल गया था। वह अपनी पहली फिल्म में शाहरुख खान या सलमान खान को हीरो रखना चहता था।



बुक के मुताबिक- छोटा शकील जानता था कि बॉलीवुड में अकेले स्टार पावर के दम पर फिल्म को हिट कराया जा सकता है। ऐसे में शाहरुख खान को मनाने के लिए अपने गुर्गे रिजवी को भेजा था। दरअसल अबू सलेम से धमकी मिलने के बाद शाहरुख किसी भी अनजान शख्स से मिलने से बचते थे। रिजवी जब भी फिल्म के सेट पर शाहरुख से मिलने जाता तो वह उन्हें इग्नोर कर देते। बुक के मुताबिक एक बार शाहरुख खान रानी मुखर्जी की वैनिटी वैन में छिप गए और एक घंटे तक बाहर नहीं निकले। रिजवी ने इसकी शिकायत छोटा शकील से की। दोनों की बातचीत क्राइम ब्रांच के अधिकारी सुन रहे थे। छोटा शकील ने बाद में शाहरुख खान की जगह सलमान खान, रानी मुखर्जी और प्रीति जिंटा को इस फिल्म में लिया। ये फिल्म थी चोरी-चोरी चुपके-चुपके। इस फिल्म की रिलीज के बाद इसके प्रोड्यूसर भरत शाह को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

## महिला पर कपिल शर्मा ने किया ऐसा कमेंट, सलमान खान के पास पहुंची शिकायत

**कपिल** शर्मा ने अपने शो- द कपिल शर्मा शो से धमाकेदार वापसी की है। शो को जबरदस्त टीआरपी मिल रही है। इन सभी के बावजूद कपिल शर्मा नए विवाद में फंस गए हैं। कपिल ने ऑडियंस में बैठी एक महिला पर विवादित कमेंट किया। इसके बाद कपिल शर्मा की शिकायत सलमान खान से की गई है। रिपोट्र्स के मुताबिक कपिल ने हाल ही में शो के दौरान स्क्रिप्ट में बदलाव किया। उन्होंने ऑडियंस में बैठी एक फीमेल से कहा- अगर पापा साथ में नहीं आए होते तो मैं आपसे और बातें करता। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक कपिल शर्मा के इस कमेंट्स से शो के क्रू मेंबर्स खुश नहीं है। क्रू मेंबर्स ने इसकी शिकायत शो के प्रोड्यूसर सलमान खान से की है। क्रू मेंबर्स ने सलमान खान से कहा है- कपिल शर्मा को स्क्रिप्ट में बदलाव नहीं



करने चाहिए थे। इसके अलावा कपिल शर्मा को ऐसा कोई भी कमेंट नहीं करना चाहिए जिससे विवाद हो। आपको बता दें कि कपिल शर्मा शो के जरिए सलमान खान बतौर टीवी प्रोड्यूसर डेब्यू कर रहे हैं।

**सुनील ग्रोवर कर सकते हैं वापसी**

आईबी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक सुनील ग्रोवर और कपिल के एक शो में साथ आने की खासी संभावना है। बताया जा रहा है की सलमान खान और कैटरीना कैफ की फल्मि भारत की शूटिंग के बाद सुनील ग्रोवर के कपलि शर्मा का शो जॉइन करने के चांसेज हैं। बता दें क भारत का अगला शेड्यूल शुरू करने से पहले सुनील ने कानपुर वाले खुरानाज के १६ एपिसोड करने की हामी भरी थी। वहीं, आने वाले दिनों में इमरान हाशमी, सनी लियोनी, अमृता राव कपिल शर्मा के गेस्ट होंगे।

**टीआरपी में दूसरे नंबर पर कपिल शर्मा शो**

कपिल शर्मा शो BARC द्वारा जारी दूसरे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। इस शो को ९.१ मिलियन इंप्रेशन मिले हैं। यह शो २९ दिसंबर को ऑन एयर किया गया था और इसके पहले महमान रणवीर सिंह और सारा अली खान थे, जो अपनी फिल्म सिंबा को प्रमोट करने के लिए आए थे।

## भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ रखना चाहती हैं राजनीति में कदम, भाजपा से लोकसभा चुनाव लड़ने की जताई इच्छा

**नई दिल्ली.** भोजपुरी सिनेमा में बेहतरीन अदाकारी और आइटम नंबर्स के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस संभावना सेठ अब राजनीति में कदम रखना चाहती हैं। संभावना सेठ ने आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। संभावना सेठ ने ये भी बता दिया कि वो किस पार्टी के साथ चुनाव लड़ना चाहती हैं। उन्होंने भाजपा को अपनी पसंद की पार्टी बताया है। संभावना सेठ ने कहा कि वह समाज की सेवा के लिए राजनीति में आना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी अगर उन्हें टिकट दे तो वह पार्टी से जुड़ जाएगीं और स्टार प्रचारक के रूप में भी काम



करेंगी। उन्होंने कहा कि मुझे किसी भी तरह से जनता के बीच जाने और उनकी मदद करने का मौका मिलना चाहिए। संभावना सेठ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के कामकाज से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि बाकी पार्टी में भी गड़बड़ लोग तो हैं ही, ऐसे में बीजेपी सबसे सही पार्टी है। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी पद की इच्छा नहीं है। पार्टी जो काम देगी उसे वो पूरी ईमानदारी से करेंगी। बता दें कि भोजपुरी आईटम नंबर संभावना सेठ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। १२ दिसंबर १९८० को पैदा हुईं संभावना सेठ ने फल्मि पागलपन से डेब्यू किया था। इतना ही नहीं वह बिग बॉस का भी हिस्सा रह चुकी हैं। वह भोजपुरी सिनेमा के साथ साथ हिंदी सिनेमा में भी पहचान रखती हैं।

## दीपक कलाल की हुई जबरदस्त पिटाई, राखी सावंत बोली- उन्हें स्टमक कैंसर है

**दीपक** कलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक शख्स दीपक की जमकर पिटाई करता हुआ नजर आ रहा है. दीपक अक्सर सोशल मीडिया पर अजीबो-गरीब वीडियोज शेयर करते रहते हैं और इसी वजह से उस शख्स ने उनकी पिटाई की है. खबरों की माने तो ये वीडियो गुरुग्राम का है. दीपक की दोस्त राखी सावंत ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर इस बारे में कहा है कि, 'मैं यह बात मानती हूं कि दीपक कलाल ने जो किया, वो गलत है लेकिन इस तरह से उन्हें नहीं पीटा जाना चाहिए. अगर दीपक की बात



सही नहीं लगी है तो पुलिस स्टेशन में जाकर कंप्लेंट करनी चाहिए.' दूसरे वीडियो में राखी कहती हुई नजर आ रही हैं कि दीपक काफी गरीब हैं और सिर्फ पैसे कमाने के लिए ऐसे वीडियोज बनाते हैं. राखी ने यह भी बताया कि दीपक स्टमक कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं और वीडियोज द्वारा कमाए गए पैसों से वह अपनी मां का ख्याल रखते हैं. आपको बता दें कि दीपक की धुनाई वाले वीडियो की सच्चाई जानने के लिए पुलिस यूट्यूब के पास जाएगी. गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता सुभाष बोकन ने कहा, 'हमें इस मामले में कलाल से कोई शिकायत नहीं मिली है. तथ्यों को जांचने के लिए हम टोल प्लाजा के कर्मचारियों के बयान लेंगे और वहां लगे सीसीटीवी फुटेज देखेंगे. पुलिस वीडियो की प्रामाणिकता का पता लगाने के लिए यूटूब से भी संपर्क करेगी.'

## सेक्स टेप ही नहीं बल्कि पूनम पांडे के इन ५ हॉट वीडियोज ने भी सोशल मीडिया पर मचा दी थी सनसनी

**पूनम** पांडे के एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा



दी है. इस वीडियो में पूनम पांडे अपने बॉयफ्रेंड सैम के साथ सेक्स करती हुई नजर आ रही हैं. बताया जा रहा है कि पूनम पांडे ने गलती से यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है. बाद में उन्होंने यह पोस्ट डिलीट कर दिया लेकिन तब तक यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था. जहां पूनम के फैन्स उनका सपोर्ट कर रहे हैं वहीं कुछ लोग इसे एक पब्लिसिटी स्टंट बता रहे हैं.वैसे पूनम पांडे अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी हॉट और सेक्सी पिक्चर्स शेयर करती रहती हैं. इसके अलावा उन्होंने कई बार अपने बोल्ड वीडियोज भी इन्स्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं. इसके अलावा वह 'द पूनम पांडे एप' (The Poonam Pandey App) पर भी बोल्ड कंटेंट शेयर करती रहती हैं. आपको बता दें कि पूनम पांडे तब लाइमलाइट में आई थी, जब उन्होंने २०११ के क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान यह दावा किया था कि अगर भारत वर्ल्ड कप जीतता है तो वह टॉपलेस हो जाएंगी.

पूनम 'नशा' और 'द जर्नी ऑफ कर्मा' जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं.

## INDIA VS AUSTRALIA: भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचते हुए बनाए ये प्रमुख रिकॉर्ड्स, पढ़ें एक नजर में

**भारत** बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए तीसरे वनडे मैच में भारतीय टीम ने मेजबान टीम को ७ विकेट से करारी शिकस्त देते हुए तीन मैचों की सीरीज को अपने नाम कर लिया है. इस मैच में पूर्व भारतीय कप्तान धोनी ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद ८७ रन बनाते हुए भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया. भारत के लिए इस मैच में रोहित शर्मा ने (९), शिखर धवन ने (२३), कप्तान विराट कोहली ने (४६), और केदार जाधव ने नाबाद ६१ रनों का योगदान दिया.

मेजबान टीम के तरफ से झाए रिचर्डसन, पीटर सिडल और मार्कस स्टोइनिस ने क्रमशः १-१ विकेट दर्ज किए. इससे पहले टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेले जा रहे तीसरे वनडे में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था.

मेजबान टीम ने भारत के सामने २३१ रनों का लक्ष्य रखा था. ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रनों का योगदान पीटर हैंड्सकॉम्ब ने दिया. हैंड्सकॉम्ब ने ६३ गेदों का सामना करते हुए शानदार ५८ रनों की पारी खेली. इस दौरान हैंड्सकॉम्ब ने शानदार दो चौके भी लगाए. हैंड्सकॉम्ब के अलावा



मेजबान टीम के तरफ शॉन मार्श (३९), उस्मान ख्वाजा (३४), ग्लैन मैक्सवेल (२६) और झाए रिचर्डसन (१६) रन बनाए.

भारतीय टीम के लिए इस मैच में युजवेंद्र चहल ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए छ विकेट झटके. चहल ने अपने १० ओवर की गेंदबाजी के दौरान ४२ रन खर्च कर ६ विकेट झटके. चहल के अलावा भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट और मोहम्मद शमी ने २ विकेट अपने नाम किए.

इस दौरान इस मैच में कई रिकार्ड्स भी बनें जो अग्रलिखित है-

१- भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती है. ये ऑस्ट्रेलिया में भारत की सिर्फ दूसरी द्विपक्षीय वनडे सीरीज थी. पिछली बार भारतीय टीम को ४-१ से हार का सामना करना पड़ा था. भारत ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ त्रिकोणीय सीरीज ही जीती थी.

२- युजवेंद्र चहल ने ४२ रन देकर ६ विकेट चटकाए. मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में किसी भी भारतीय गेंदबाज का ये संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. इससे पहले अजित अगरकर ने २००४ में ४२ रन देकर ६ विकेट लिए थे.

३- युजवेंद्र चहल (६/४२) का भारत की तरफ से वनडे क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन.

४- झाई रिचर्डसन ने इस सीरीज में ३ मैचों में ३ बार विराट कोहली को आउट किया. इससे पहले २०१२ में पाकिस्तान के जुनैद खान ने विराट कोहली को लगातार ३ बार आउट किया था.

५- महेंद्र सिंह धोनी ने सीरीज में ३ लगातार अर्धशतक लगाए और ८ साल के बाद प्लेयर ऑफ द् सीरीज का खिताब जीता.

६- वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैन ऑफ द् सीरीज जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में महेंद्र सिंह धोनी पांचवे स्थान पर आ गए हैं. उन्होंने ७ बार मैन ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड जीता है.

## मैरी कॉम ने दिखाई मैराथन को हरी झंडी, सड़कों पर दौड़ रहे ४६,००० से ज्यादा धावक

**प्रतिष्ठित** टाटा मुंबई मैराथन के १६वां संस्करण शुरू हो गया है. भारत की दिग्गज मुक्केबाज एम.सी. मैरी कॉम ने इस मैराथन को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से हरी झंडी दिखाई.



मैराथन की ईनामी राशि ४०५००० डॉलर होगी जिसमें विजेता को ४५,००० डॉलर मिलेंगे. पिछले साल पुरूष और महिला वर्ग का खिताब इथियोपिया के धावकों क्रमश: अबीरा कुमा और अमाने गोबीना ने जीता था.

इस साल फुल मैराथन में ८,४१४, हाफ मैराथन में १५,४५७, टाइम्ड १०के में २,५१६, ड्रीम रन में १७,६६१, सीनियर सिटिजन रन में १,००५ और चैम्पियंस विथ डिसेब्लिटी केटगरी में १,३०१ धावक ने हिस्सा लिया है. इस मैराथन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में कुमा का रिकार्ड सबसे बेहतर है. उन्होंने पिछले साल अप्रैल में रोटरडम मैराथन में दो घंटे पांच मिनट ५० सेकंड का समय लिया था. उन्हें हालाकि कीनिया की तिकड़ी जैकब केंडगोर, एलिजा केमबोई और कॉसमस लैगत के साथ अपने देश के अयचीव बेंटी से कड़ी टक्कर मिलेगी. इस सभी खिलाड़ियों का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो घंटे आठ मिनट १५ सेकंड से कम है. महिला धावकों में २०१८ में एशिया की सबसे बड़ी आईएएएफ गोल्ड लेबल रोड रेस की विजेता अमाने को पता है कि इस रेस को जीतने के क्या मायने है. ३६ साल की इस खिलाड़ी का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दो घंटे २१ मिनट ५१ सेकंड है. इस कोर्स का रिकॉर्ड कीनिया की वालेंटिना किपकेटेर के नाम है जिन्होंने २०१३ में दो घंटे २४ मिनट ३३ सेकंड का समय लिया था. अमाने को पिछले साल के प्रदर्शन को दोहराने के लिए दिनकेश मेकाश (२०१४-१५ की चैम्पियन) और शुको गेनेमो (२०१६ की चैम्पियन) की चुनौती से पार पाना होगा.

भारतीय धावकों में पिछले साल शीर्ष पर रहे टी. गोपी और सुधा सिंह एक बार फिर अपनी सफलता दोहराना चाहेंगे. पुरुषों में गोपी को कोर्स रिकॉर्डधारी (भारतीय धावकों में) नितेन्द्र सिंह रावत (२०१६) और २०१४ और २०१५ में सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे करण सिंह से कड़ी चुनौती मिलेगी. गोपी २०१७ में एशियाई चैम्पियन (दो घंटे १५ मिनट और ३१ सेकंड) बने लेकिन उन्होंने रियो ओलंपिक (दो घंटे १५ मिनट और २५ सेकंड) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया था जो विदेशी सरजमीं में भारतीय रिकॉर्ड है. रावत ने २०१६ में दक्षिण एशियाई खेलों में दो घंटे १५ मिनट और १८ सेकंड का समय लिया था और उनके नाम हाफ मैराथन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है. करण ने हाल में वसई विरार मैराथन में दो घंटे २२ मिनट और १७ सेकेंड का समय लिया था.

## खेलो इंडिया स्कूल गेम्स २०१९: दूसरे संस्करण में टॉप पर रहा मेजबान महाराष्ट्र,हरियाणा दूसरे स्थान पर खिसका

**पुणे:** खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी)-२०१९ में मेजबान महाराष्ट्र ८५ स्वर्ण, ६२ रजत और ८१ कांस्य सहित कुल २२८ पदक जीतकर में इन खेलों के दूसरे संस्करण में दूसरे स्थान पर रहा। इसके साथ ही महाराष्ट्र ने ओवरऑल ट्रॉफी हासिल की। शनिवार को केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर और महाराष्ट्र के खेल मंत्री विनोद तावड़े ने शिव छत्रपति स्पोटर्स कॉम्पलेक्स के बैडमिंटन हॉल में आयोजित समापन समारोह में महाराष्ट्र के खिलाड़ियों और अधिकारियों को ये ट्रॉफी प्रदान की। जावडेकर ने इस मौके पर कहा कि खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने प्रधानमंत्री के 'पांच मिनट और' के संदेश को सार्थक किया है। साथ ही कहा कि सरकार हर स्कूल में एक घंटे के खेल पीरियड लाने को लेकर प्रतिबद्ध है। तावड़े ने कहा कि वह 'सिर्फ पांच मिनट' नहीं चाहते बल्कि ५० मिनट चाहते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई भी की। महाराष्ट्र खेलो इंडिया स्कूल गेम्स २०१८ के विजेता हरियाणा से आगे रहा। हरियाणा ने ६२





स्वर्ण, ५६ रजत और ६० कांस्य पदक सहित १७८ पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली ४८ स्वर्ण, ३७ रजत और ५१ कांस्य पदक सहित १३६ पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा।

खेलों के आखिरी दिन १५ स्वर्ण पदक दांव पर थे। इनमें से आठ पदक तीरंदाजी में थे, जहां मेजबान महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा ने दो-दो पदक जीते। दिल्ली और पंजाब ने एक-एक पदक हासिल किया। हरियाणा ने हाकी में महिलाओं के अंडर-२१ वर्ग के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। यह हरियाणा का हाकी में तीसरा स्वर्ण है। उत्तर प्रदेश, बंगाल, तमिलनाडु और केरल ने वॉलीबाल में स्वर्ण पदक जीते।

## धोनी से ज्यादा भारतीय क्रिकेट के लिए समर्पित कोई और नहीं: कोहली

**मेलबर्न,** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का डटकर बचाव करते



हुए कहा है कि 'भारतीय क्रिकेट के लिए उनसे ज्यादा समर्पित कोई और नहीं ' और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी उन्हें रास आ रही है।सिडनी में पहले वनडे में धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेलने वाले धोनी ने ऐडिलेड और मेलबर्न में टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया में मिली ऐतिहासिक जीत में धोनी के योगदान का उल्लेख करते हुए कोहली ने कहा कि पूर्व कप्तान को कुछ राहत दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'एक टीम के रूप में हम धोनी के लिए बहुत खुश हैं। उन्होंने रन बनाए जो लय और आत्मविश्वास को फिर पाने के लिए जरूरी है। खास तौर पर जब आप बहुत ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं।' मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोहली ने कहा, 'बाहर बहुत कुछ होता है। लोग बहुत कुछ कहते हैं लेकिन हमें पता है कि भारतीय क्रिकेट के प्रति धोनी से ज्यादा समर्पित कोई नहीं है। लोगों को उन्हें कुछ राहत देनी चाहिए क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है।' उन्होंने कहा, 'वह भारत के सबसे बुद्धिमान क्रिकेटरों में से हैं। वह उनमें से नहीं हैं जिन्हें पता नहीं होता कि क्या करने की जरूरत है। एक टीम के रूप में हमें पता है कि वह क्या कर रहे हैं और हम सभी उनके लिए खुश हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि पांचवां नंबर धोनी के लिए उत्तम बल्लेबाजी क्रम है। कोहली ने कहा, 'धोनी ने २०१६ में कुछ समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद वह पांचवें छठे नंबर पर उतरकर खुश हैं। पांचवां नंबर उनके लिए उत्तम है। ऐडिलेड में वह इस क्रम पर काफी सहज दिखे।'

# पत्रकार की हत्या के १६ साल बाद राम रहीम को उम्रकैद

**चंडीगढ़ ,** साध्वी यौन शोषण के मामले में सुनारिया जेल में सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। १६ साल पुराने मामले में कोर्ट ने गुरमीत राम रहीम को उम्रकैद की सजा का ऐलान किया है। इस मामले में राम रहीम के अलावा तीन अन्य दोषियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा सभी पर ५० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि कोर्ट ने हरियाणा सरकार द्वारा दी गई अर्जी के बाद सजा का ऐलान विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। सजा के ऐलान से पहले सीबीआई ने कोर्ट से गुरमीत राम रहीम को फांसी देने की मांग की थी। साध्वी यौन शोषण मामले में सुनवाई के बाद पंचकूला में हिंसा की बात को ध्यान में रखते हुए पंजाब और हरियाणा में सुरक्षा व्यवस्था का खास प्रबंध किया गया। सिक्यॉरिटी के मद्देनजर सुरक्षाबल चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटा जा सके।



**खबर प्रकाशित करने पर हुई थी हत्या**

गौरतलब है कि वर्ष २००२ में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, छत्रपति अपने समाचार पत्र में डेरा से जुड़ी खबरों को प्रकाशित करते थे। पत्रकार छत्रपति की हत्या के बाद परिजनों ने मामला दर्ज कराया था और बाद में इसे सीबीआई के सुपुर्द कर दिया गया। सीबीआई ने २००७ में चार्जशीट दाखिल कर दी थी और इसमें डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को हत्या की साजिश रचने का आरोपी माना था।

**इन धाराओं के तहत दोषियों पर ऐक्शन**

पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम और कृष्ण लाल को आईपीसी की धारा १२०बी (आपराधिक साजिश रचने) और ३०२ के तहत दोषी करार दिया, जबकि कुलदीप सिंह तथा निर्मल सिंह को आईपीसी की धारा ३०२ ( हत्या की सजा) और १२०बी (आपराधिक साजिश) का दोषी बताया। निर्मल सिंह को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २५ तथा कृष्ण लाल को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २९ के तहत भी दोषी करार दिया गया।

# जगह और समय पहले से था तय, एक ऐसी अनहोनी जिसका किसी को न था अंदेशा

**वसई :** १४ साल का वो लड़का किस बात से परेशान था इसे लेकर परिवार भी परेशान है। वो गुमशुम सा रहता था। उसने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला ले लिया था। अपनी जिंदगी की कहानी और आने वाले हादसे के बारे में उसने आगाह भी किया था। लेकिन अफसोस कि वो लड़का बच न सका। मुंबई के नालासोपारा में उसने खुद को फांसी लगा ली । आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले इस छात्र ने अपने ही सोसायटी के गार्डन में पुल-अप के लोहे के रॉड में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। १४ साल के इस छात्र खुदकुशी क्यों की इस बारे में अब तक पता नही चल पाया है। छात्र ने नोटबुक में आत्महत्या के तरीकों के बारे में लिखा था। छात्र ने नोटबुक में अपने आत्महत्या की जगह और वक्त लिखा है। इसके सिवाय आत्महत्या कैसी करनी है इसके लिए पेन्सिल से स्केच भी बनाए थे। छात्र नालासोपारा में अपने परिवार के साथ रहता था। पर मंगलवार रात को सोसायटी के गार्डन एरिया में जहां पर पुल-अप करने का लोहे के रॉड है उसे नायलॉन की रस्सी लगाकर इस छात्र ने आत्महत्या की। इस छात्र के स्कूल बैग में एक नोटबुक मिली है। इस नोटबुक में जो कुछ लिखा हुआ है वह पढ़कर सभी को झटका लगा। लड़के ने नोटबुक में एक फन्दा और लटकने वाली रस्सी पेन्सिल स्केच निकाला था। इसके साथ ही उसने नोटबुक के दूसरे पेज पर उसने आत्महत्या कहा पर करनी है उस जगह के बारे में भी लिखा था। इसके साथ ही आत्महत्या का वक्त ९:३० बजे है, ऐसे भी उसने नोटबुक में लिखा हुआ था। इसका मतलब पूरी योजना बनाकर इस छात्र ने अपना जीवन खत्म किया। पर छात्र की अकाल मौत से परिवार सदमे में है आखिर छात्र ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया?, यह अभी अनसुलझा सवाल है। फिलहाल इस मामले में पुलिस सारे पहलुओं से जांच कर रही है। यह आत्महत्या है या हत्या है इस बारे में भी पुलिस जांच कर रही। पर अब तक पुलिस को इस बारे में कुछ खास बात का पता नही चला है।



# सेल्फी लेने के बहाने विदेशी महिला के साथ हुई ये हरकत

**मुंबई:** मुंबई के एक पांच सितारा होटल के एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से कनाडा की एक ३५ वर्षीय महिला से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि जूहु स्थित होटल के एक कर्मचारी सुमित राव (३२) को पांच जनवरी को हुई कथित छेड़छाड़ की घटना के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।अधिकारी ने कहा कि महिला इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में काम करती है जो अकसर भारत आती रहती है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि वह होटल में ठहरी हुई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उसके कमरे में घुसा और सेल्फी लेने के बहाने छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस के मुताबिक महिला ने होटल प्रबंधन को घटना से अवगत कराया और सोमवार को सांताक्रूज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने कहा कि आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ भारतीय दंड सहिंता की धारा ३५४ और ३५४ (डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।आपको बता दें कि इसी तरह का एक मामला हाल ही में दिल्ली में भी आया था जहा नौकरी दिलाने के बहाने एक शख्स उसे पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार में ले गया, जहां उसने अपने किसी दोस्त की फैक्ट्री में उसे नौकरी दिलाने की बात कही थी, लेकिन वहां उसके साथ दोनों ने रेप किया।




# बिहार के भभुआ में युवती की मौत से भड़के लोग, थाने में की तोड़फोड़

**भभुआ:** बिहार के कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक युवती की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर उपद्रव मचाया। इस दौरान उन्होंने थाने में लगे चार वाहनों को फूंक दिया तथा थाने में तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आक्रोशित लोगों को शांत करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को बड़ौदा की एक युवती का शव मोहनियां रेल पटरी से पुलिस ने बरामद किया था। लोगों का कहना है कि युवती की हत्या कर शव को रेल की पटरी पर फेंक दिया गया है। ग्रामीण आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, पुलिस का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।इसी बीच इस घटना को लेकर लोग शुक्रवार को आक्रोशित हो गए और रामगढ़ थाने का घेराव कर हंगामा करने लगे। लोग इस दौरान थाने में पथराव किया और थाने में लगे चार से पांच वाहनों को फूंक दिया। थाने में भी आग लगाने की कोशिश की गई। इसके बाद पुलिस ने भी बल प्रयोग किया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने लोगों को हटाने के लिए हवा में गोलियां चलाई। हालांकि पुलिस अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं।आक्रोशित लोग सड़क को जाम कर धरना पर बैठ गए हैं। मोहनिया के पुलिस उपाधीक्षक रघुनाथ सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान कई थानों की पुलिस रामगढ़ थाना में बुला ली गई है। सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अभी तनाव का माहौल है परंतु स्थिति नियंत्रण में है।

# कलयुगी मां की करतूत, जिंदा दफना दी १५ दिन की बच्ची, रोने पर युवक ने निकाला

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के जलालाबाद के पुरैना गांव में शुक्रवार को एक महिला ने अपनी बच्ची को जिंदा ही गड्ढे में दफना दिया। रोने की आवाज सुनकर एक युवक ने बच्ची को गड्ढे से निकलवाया। उसे नगरिया अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची को देख एक महिला की ममता जाग गई। उसने बच्ची को गोद लेने की बात कही। फिलहाल बच्ची की हालत ठीक बताई जा रही है। मामला जलालाबाद के पुरैना गांव का है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर एक नकाबपोश महिला एक बच्चे के साथ खेत पर पहुंची। महिला थोड़ी देर खड़ी रही, महिला ने इधर-उधर देखा और गोद में थमी करीब १५ दिन की बच्ची को गड्ढा खोदकर दफना दिया। इसी बीच बच्ची रो पड़ी। महिला के जाते ही एक युवक ने देखा लिया था। युवक गड्ढे के पास पहुंचा और दबी बच्ची को बाहर निकाला। इस जानकारी के बाद गांव में हल्ला मच गया। भीड़ लग गई। युवक तुरंत बच्ची को नगरिया अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने बच्ची का उपचार किया। महिला पुलिस ने बच्ची को अपनी देखरेख में ले लिया।



# आध्यात्मिक गुरू भय्यू महाराज को ब्लैकमेल करने वाली युवती गिरफ्तार

**हाईप्रोफाइल** आध्यात्मिक गुरु भय्यू महाराज की मौत के सात माह पुराने मामले में शुक्रवार को अहम मोड़ आ गया। उन्हें खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने २५ वर्षीय युवती और भय्यू महाराज के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया कि मामले में पलक, विनायक दुधाड़े और शरद देशमुख को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पलक पर आरोप है कि वह कुछ निजी वस्तुओं के आधार पर भय्यू महाराज को ब्लैकमेल कर उन पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, जबकि आध्यात्मिक गुरु के दो सहयोगी दुधाड़े और देशमुख इस काम में युवती की कथित तौर पर मदद कर रहे थे।डीआईजी के मुताबिक, भय्यू महाराज की पत्नी आयुषी और उनके अन्य नजदीकी संबंधियों ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को हाल ही में बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भय्यू महाराज के पूर्व ड्राइवर कैलाश पाटिल ने भी पुलिस को कुछ दिन पहले दिए बयान में कहा था कि पलक यह कहकर आध्यात्मिक गुरु को ब्लैकमेल कर रही थी कि उसके पास उनसे जुड़ी कुछ निजी वस्तुएं हैं। भय्यू महाराज का सबसे खास सेवादार दुधाड़े उनकी आत्महत्या के तुरंत बाद चर्चा में आया था।



# स्कूल की दीवार गिरने से मलबे में फंसे ५ छात्र, १ की मौके पर मौत, ४ घायल

**अमरावती:** महाराष्ट्र के अमरावती (Amravati) से एक दर्दनाक हादसे की खबर है. जानकारी के अनुसार, यहां एक स्कूल की दीवार गिर (School Wall Collapse) जाने से मलबे में ५ छात्र फंस गए, जिनमें से एक छात्र की मौके पर ही मौत (1 student died) हो गई, जबकी चार छात्र (4 Students Injured) जख्मी हो गए. शुक्रवार हो हुए इस हादसे में मरने वाले छात्र की उम्र १३ साल बताई जा रही है. इस हादसे के बाद यहां राहत-राहत बचाव का कार्य किया जा रहा है और घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है. इस मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस का कहना है कि यह स्कूल अमरावती जिले के भाटकुल तहसील स्थित अष्टी गांव में है. पुलिस के अनुसार, हादसे में मरने वाले छात्र की पहचान मणिबाई छगनलाल देसाई विद्यालय के आठवी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के रुप में हुई है और उसका नाम वैभव गवांडे बताया जा रहा है.बताया जा रहा है कि जिस स्कूल की दीवार गिरी है उसकी इमारत काफी जर्जर हालत में है. शुक्रवार को दिन में करीब १ बजे इस स्कूल की दीवार ढह गई, जिससे पांच छात्र मलबे में दब गए. फिलहाल घायल छात्रों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है



# नवविवाहित शख्स ने पत्नी का सिर कुचलकर की हत्या

**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक नवविवाहित शख्स ने अपनी पत्नी का सिर कुचलकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पिछले साल सितंबर में ही दोनों की शादी हुई थी। आरोपी शख्स ने पत्नी की हत्या इसलिए कर दी क्योंकि शादी समारोह के दौरान उसके परिवार और मेहमानों को उचित सम्मान नहीं मिला था। इतना ही नहीं आरोपी ने अपना जुर्म छुपाने के लिए शव को जलाने की भी कोशिश की। पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान २५ वर्षीय रोहित कुमार और मृतका की पहचान २२ वर्षीय आरती के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या करने की बात कबूल कर ली है।



आरती बरेली जिले की रहने वाली थी जबकि रोहित कासगंज जिले का रहने वाला है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रोहित को गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया गया है। रोहित ने भागने की कोशिश की लेकिन वह घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है। उसे इलाज के बाद जेल भेजा जाएगा।

पुलिस ने आगे बताय कि कुमार ने स्वीकार किया है कि आरती के परिवार द्वारा १५ सितंबर को हुई शादी के दिन उनके परिवार के सदस्यों का ठीक से स्वागत नहीं किए जाने दहेज की मांग भी पूरी नहीं होने से दुखी था। इसीलिए उसने आरती से संपर्क किया और उसे सैटेलाइट बस स्टैंड के पास मिलने को लिए बुलाया।

पुलिस ने बताया कि आरती के आने के बाद आरोपी ने उसका सेलफोन बंद कर दिया। इसके बाद वह आरती को बदायूं के कोटालंगला गांव की एक सुनसान जगह पर ले गया। यहीं पर उसने पत्नी का सिर कुचल दिया और फिर उसके शरीर को जलाकर उसे खेत में गाड़ दिया।

# UP में ऑनलाइन धोखाधड़ी से आहत युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

**गाजीपुर:** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव में ऑनलाइन धोखाधड़ी से आहत युवक ने शनिवार तड़के खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह कर लिया. गंभीर अवस्था में जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के मुताबिक, बिरनो थाना क्षेत्र के जयरामपुर गांव निवासी रवि गुप्ता (२५) ने बैंक से २.५ लाख रुपये का लोन लेकर ऑनलाइन एक पुरानी चारपहिया गाड़ी बुक की थी. लेकिन वह साइबर क्राइम व आनलाइन धोखाधड़ी करने वालों का शिकार हो गया और उसे गाड़ी नहीं मिली. इसको लेकर रवि कई दिनों से तनाव व अवसाद में था.



बताते हैं कि शनिवार तड़के अवसाद में रवि ने खुद का कैरोसीन डाल कर आग लगा ली. उसे गंभीर झुलसी अवस्था में परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

# सरकारी आवासीय स्कूल के होस्टल में 3 नाबालिग लड़कियां हुईं गर्भवती, एक ने दिया बच्चे को जन्म

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर सरकारी आवासीय विद्यालयों में रहने वाली दो छात्राओं सहित कुल ३ नाबालिग लड़कियों के गर्भवती होने और एक अन्य नाबालिग लड़की के एक बच्चे को जन्म देने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। ढेंकनाल, कालाहांडी और जाजपुर जिलों में ये घटनाएं सामने आई हैं। इससे एक सप्ताह पहले ही ओडिशा के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातीय (एससी/एसटी) विकास विभाग द्वारा संचालित एक आवासीय स्कूल की १४ वर्षीय छात्रा के कंधमाल जिले में स्थित हॉस्टल में एक बच्चे को जन्म देने की घटना सामने आई थी। नाबालिग ने १२ जनवरी को बच्चे को जन्म दिया था।

ढेंकनाल के सप्तसजया में आवासीय स्कूल के हेडमास्टर जनार्दन समाल ने शुक्रवार को सदर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ८वीं कक्षा की छात्रा गर्भवती पाई गई है। ढेंकनाल के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी एस के करीम ने बताया कि हेडमास्टर की शिकायत के आधार पर १४ साल की छात्रा के बयान दर्ज किए गए और जाजपुर जिले के कालियापानी के १५ साल के एक किशोर को पकड़ा गया है।



घटना की जानकारी फैलने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में कालाहांडी जिले में नरला क्षेत्र में नवोदय आवासीय स्कूल की कक्षा नौ की छात्रा के कथित तौर पर गर्भवती होने और उस पर गर्भपात की दवा लेने का संदेह है। कालाहांडी में ही एक अन्य घटना में २४ साल के एक युवक को १३ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में लड़की गर्भवती हो गई थी। जाजपुर जिले में १५ साल की एक लड़की ने गुरुवार को कलिंग नगर क्षेत्र में एक बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने बताया कि लड़की और बच्चे दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# १९ साल की लड़की से १४ लोगों ने किया दुष्कर्म, मचा हड़कंप

**जम्मू-कश्मीर:** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अक्सर सरकार कई ठोस कदम उठा चुकी है. लेकिन उसके बाद भी अपराधियों की हौसलें बुलंद हैं. एक ऐसा ही मानवता को शर्मसार करने का एक और मामला फिर से सामने आया है. जिसनें लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है. १४ हवसी के दरिंदो ने एक १९ वर्षीय अपने हवस का शिकार बनाया. वहीं इस घटना के बाद लोगों में काफी गुस्सा है और आरोपियों कठोर सजा देने की मांग कर रहे हैं. बता दें कि यह पूरा मामला जम्मू-कश्मीर में कठुआ के हीरानगर का है. जहां पर गुज्जर समुदाय की एक १९ साल की युवती १४ लोगों पर अपहरण कर रेप करने का गंभीर आरोप लगाया है. पीड़ित लड़की ने जिन १४ लोगों पर यह आरोप लगाया है वे सभी उसी के समुदाय थे. इन सभी के खिलाफ लड़की ने पुलिस स्टेशन में जाकर मामला भी दर्ज कराया है. मुताबिक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा ३७६ डी, ३६६, ४५२, ३५७'इ्ग के तहत यह मामला दर्ज किया है. वहीं घटना के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है. गौरतलब हो कि कठुआ जिले में साल भर पहले आठ साल की जिस लड़की का आज के दिन शव मिला था. जिसके बाद पूरे देश में जमकर हंगामा हुआ था.



# नकली प्रमाणपत्र के माध्यम से दूसरे राज्य से डी फार्मासि की प्राप्त करके मेडिकल स्टोर चलाने वाले को महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट 1 ने किया गिरफ्तार

**ठाणे:** महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ के सहाय्यक पुलिस निरक्षक संदीप बागुल को सूचना मिली कि ठाणे शहर व आजु बाजू के परिसर में कुछ मेडिकल स्टोर में काम करने वाले फार्मासिस्ट आधा अधूरा पढ़ाई व ज्ञान वाले लोगो को दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था द्वारा १० व १२ माध्यम के नकली प्रमाणपत्र से डी फार्मासि का प्रमाणपत्र दिल्ली,उत्तरप्रदेश, राजेस्थान की कुछ से शिक्षण संस्था से २ से ३ लाख रुपये में प्राप्त कर के मेडिकल स्टोर खोल के दवाई की बिक्री कर नागरिकों के जान से खिलवाड़ कर रहे है।

मिली सूचना को गम्भीरता से लेते हुए आला अधिकारियों के मागदर्शन में महाराष्ट्र ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे की टीम ने कई मेडिकल स्टोर्स पर छापे मारी कर नकली प्रमाणपत्र द्वारा मेडिकल स्टोर्स चलाने वाले ४ अभियुक्त को गिरफ्तार किया जांच में पता चला कि इनको ये प्रमाणपत्र ठाणे स्तिथ ढोकली परिसर में दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था द्वारा प्राप्त हुए है अपराध शाखा ने दीप पेरामेडिकल ओगोनाइजसन शिक्षण संस्था के चेरमेन डॉ. पुरषोत्तम तहिलरामनी को भी गिरफ्तार कर आगे की जांच कर रही है। ठाणे अपराध शाखा यूनिट १ ने अभीतक कुल ५ अभियुक्त को गिरफ़्तार किया है । अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त दीपक देवराज ने पत्रकार वार्तालाप में बताया कि और भी कई गिरफ्तारीया हो सकती है ठाणे अपराध शाखा के कई अधिकारी और उनकी टीम छापे मारी कर रही है।

# पालघर से ५ और मथुरा से ९ बांग्लादेश नागरिक पकड़े गए

**मुंबई:** महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते ने ५ बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में पालघर जिले से शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे लोग बिना वैध दस्तावेजों के देश में प्रवेश कर गए थे और पिछले दो साल से नलसोपरा में तुलीज थाना क्षेत्र इलाके में रह रहे थे। उनकी पहचान शमसुर शेख, मोसिया मुल्लाह, कोटिल खलीफा, जहांगीर आलम और मोफिश शेख के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि सभी पांचों लोगों के खिलाफ पासपोर्ट कानून और विदेशी नागरिक कानून के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में शनिवार सुबह पुलिस ने एक कस्बे में छापा मारकर एक स्थानीय नागरिक के अहाते में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के पांच पुरुषों एवं चार महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया, 'खुफिया पुलिस के मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर शेरगढ़ थाने की टीम ने गनी के अहाते पर छापा मारकर वहां झोपड़ियां बनाकर रह रहे अलाउद्दीन (४०), निसार मिस्त्री (६०), अशराफुल (३०), मोहम्मद शाहिद (३०), मोहम्मद बिलाल (२९), परवीन (४०), अमीना (२८), अनुआरा (४५) व मरजीना (३०) से छह मोबाइल व चार आधार कार्ड आदि बरामद किए।' उन्होंने बताया कि उक्त सभी लोग बिना किसी वैध प्रपत्र के भारत में रह रहे थे। वे गैरकानूनी रूप से घुसपैठ करके देश में प्रविष्ट हुए थे। इन्हें पनाह देने वाला शेरगढ़ निवासी फरार हो गया है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरु कर दी है।



सरकारी भूमि पर बने घरों की जगह पर पुनर्निर्माण के मुंबई जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष प्रवीण दरेकर, विधायक अध्यक्ष नलावडे, सांसद गोपाल शेट्टी, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उक्त अवसर पर मुंबई इमारत दुरुस्ती पुनर्रचना मंडल के दिनकर जगदाले जिला निबंधक आरआरबी, उपनिबंधक जेडी पाटिल, एमबी निगम, डॉ. अविनाश भागवत, हाउसिंग फेडरेशन के सचिव एडवोकेट डीएस बड़े, मुख्य अग्निशमन दल के अधिकारी रिटायर किरण कदम, आर्किटेक्ट चंद्रशेखर प्रभु, अमित कुमार, हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. उक्त अवसर पर पत्रकार ओ.पी. तिवारी, विनोद यादव, नगरसेवक प्रकाश दरेकर, सुभाष दरेकर की उपस्थिति थी. स्वयं निर्माण के लिए मुंबई जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक मर्यादित पूर्ण रूप से सहायता करने के लिए तैयार है. सभी उपस्थित महानुभाव ने अपने विचार व्यक्त किए और आश्वासन दिए कि हर प्रकार की जानकारी दी जाएगी और आम जनता की मदद की जाएगी.

## डॉक्टर नोव्हेरा शेख के खिलाफ चार्जशीट दाखिल



**मुंबई :** द इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओ डब्ल्यू) ऑफ मुंबई पुलिस की तरफ से मंगलवार को तकरीबन ३००० पुष्ट पर आधारित एक लंबी चार्जशीट हीरा गोल्ड ग्रुप की सी.ई.ओ. और ऑल इंडिया महिला एंपावरमेंट पार्टी की अध्यक्ष आलिमा डॉक्टर नोव्हेरा शेख के खिलाफ चार्जशीट.

**दाखिल की गई**

एक रिपोर्ट के अनुसार शहर के २५० से ज्यादा व्यक्तियों ने इनकी हीरा गोल्ड कंपनी में अपना रुपया निवेश किया था जिसका मूल्य १८ करोड़ है. बता दें कि पिछले दिनों आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शेख और उनकी गोल्ड ग्रुप कंपनी की चीटिंग से लोगों में खलबली मच गई थी. वह लोग काफी परेशान थे, जिन्होंने उनकी कंपनी में पैसा लगाया था और उन्होंने तिजारत का मुनाफा देने से हाथ रोक लिया था. आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा ४५ वर्ष की हैदराबाद में रहने वाली एक भारतीय महिलाएं है और उनका हीरा गोल्ड ग्रुप कंपनी का बिजनेस है, जो पूरी दुनिया में फैला हुआ है. यह कंपनी उन्होंने २००८ से २०१४ के दरमियान शुरू की थी. आलिमा डॉक्टर नोव्हेरा अपनी १७ प्राइवेट फर्म की खुद ही डायरेक्टर है. उनकी यह प्राइवेट फॉर्म एक्सपोर्ट इंम्पोर्ट और गोल्ड सोलिंग का काम करती है उनके प्राइवेट फर्म हीरा गोल्ड वैक्सजिंग लिमिटेड, हिरा रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, हिरा टेक्सटाइल लिमिटेड और हिरा फूड्स लिमिटेड है. इन सारी लिमिटेड फर्म की सी.इ.ओ, आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शेख़ खुद है. आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ का एक सबसे बड़ा एजेंट मुंबई में है जिसका नाम सलीम अंसारी है जिसका दफ्तर भिंडी बाजार में है और जिसके नाम पर मुंबई के २५ हज़ार से ज्यादा लोगों ने अपना रुपया लगाया था. अनुमान किया जाता है कि १००० करोड़ से ज्यादा रुपया सिर्फ मुंबई वासियों ही का है.

याद रहे निवेशकों को समय पर मुनाफा ना मिलने पर लोगों में खलबली मच गई थी .उसके बाद किसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी, तो किसी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था, ऐसे गंभीर वातावरण में आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ ने निवेशकों को धमकी दी थी कि जो कोर्ट जाएगा उसे ९० साल तक कोर्ट के चक्कर काटने पड़ेंगे और उनको पैसा भी नहीं दिया जाएगा और जो पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएगा वह पुलिस से ही पैसा ले ले, उन्हें भी पैसा नहीं दिया जाएगा. यह धमकी सुनकर तो लोगों की बोलती बंद हो गई और लोग घबरा गए!

आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ की हीरा गोल्ड फर्म में ज्यादातर मुस्लिम लोगों ने अपना रुपया निवेश किया था क्योंकि इस्लाम धर्म में ब्याज के लेने-देने को हराम करार दिया है और अगर किसी तिजारत या व्यापार में रुपया लगाया जाए और उससे जो मुनाफा मिले वह हलाल है. हराम चीज़ से बचने और रिजके-हलाल को पाने के चक्कर में भोले भाले ईमानदार लोगों ने अपने आपको आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ का शिकार बना दिया और सच तो यह है कि खुद आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ ने भी लोगों को आयतो और हदीस के हवाले देकर हराम से बचने और रिजके-हलाल पाने के झूठे वादे करके लोगों को गुमराह किया धर्म की आड़ में लोगों से फरेब किया. चीटिंग की और लोगों को चुना लगाया, ऐसा निवेशकों का कहना है. क्या ये सच है? यहाँ सवाल यह भी उठता है कि वह खुद एक आलीमा और एम.डी. डॉक्टर है. बचपन में उन्होंने गरीबी में दिन गुजारे. इस गरीबी के कारण बचपन में ९ कक्षा से उन्हें अपना शिक्षण छोड़ना पड़ा. शिक्षण छोड़कर वे अपनी मां के साथ सब्जी तरकारी और भाजी बेचने लगी. इसी गरीबी के चलते उन्होंने पुराने कपड़े खरीद कर बेचने का काम भी किया.

आपको यह बात बताते चले कि २००८ से २०१४ में उन्होंने अपनी कंपनियों की शुरुआत की और अपनी १७ प्राइवेट कम्पनी फर्म की वे खुद ही डायरेक्टर भी थी. ये प्राइवेट फर्म एक्सपोर्ट्स इम्पोर्ट्स और गोल्ड सेलिंग की डील करती थी.

२०१७ में उन्होंने द ऑल इंडिया एम्पावरमेंट पार्टी के नाम से एक पॉलीटिकल पार्टी को लांच किया था. २२४ उम्मीदवारों की इस पार्टी ने कोलकाता में चुनाव के दौरान अपनी सभी सीटों पर इन्हें असफलता प्राप्त हुई और निराशा ही हाथ आई.

आपको एक और बात बता दें कि आलीमा डॉक्टर नोव्हेरा शैख़ एमडी डॉक्टर है लेकिन सवाल यह है कि गुरबत की जिंदगी गुजारने वाली सब्जी तरकारी और भाजी और पुराने कपड़े खरीद कर बेचने वाली मेहनत मजदूरी करके अपनी जिंदगी की गाड़ी को खींच-खींच कर चलाने वाली गरीबी के होते डॉक्टर कैसे बन गई? और वह भी एम.डी. डॉक्टर? डॉक्टर शेख की डॉक्टर की डिग्री भी असली है या नकली इस बात की भी जांच होनी जरूरी है!

**-हुस्नबानो की कलम से**

# BUDGET 2019 : जानिए कैसे बनता है देश का बजट, इन चीजों पर होता है फोकस

**Budget 2019:** फरवरी की पहली तारिख को वित्त मंत्री सांसद में देश का आम बजट पेश करेंगे. इस साल लोकसभा चुनाव होने है इसलिए इस बार का बजट अंतरिम बजट होगा. वैसे, बजट का इंतजार सभी को होता है. देश के लगभग हर एक व्यक्ति को इसकी एक-एक बात प्रभावित करती है. हर कोई बजट से पहले इसको लेकर चर्चा करता हुआ नजर आता हैं.

हर साल की तरह इस बार भी देश की जनता को वित्त मंत्री से काफी उम्मीदें हैं. वैसे जानकारों की माने तो इस साल आम चुनावों के मद्देनजर वित्त मंत्री बजट में देश के मिडिल क्लास को राहत दे सकते हैं. २०१४ में नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने में मिडिल क्लास का सबसे बड़ा हाथ रहा है. बजट में क्या होगा और क्या नहीं यह तो वक्त ही बताएगा मगर आज हम आपको बताते हैं कि बजट बनता कैसे हैं.




**आम बजट का मतलब:** केंद्र सरकार की ओर से पुरे साल में किए जाने वाले खर्च और होने वाली आय का जो प्लान होता है उसे 'बजट' कहा जाता है. 'बजट' लैटिन शब?द 'बोजते' से बना है. बोजते का मतलब होता है 'चमड़े का थैला.' काफी सालों पहले पश्चमी देशों में व्यापारी पैसे चमड़े के थैलों में लाते थे. अभी भी हर वित्त मंत्री चमड़े की बैग में ही बजट के सभी दस्तावेज़ संसद में लाते है. बजट १ अप्रैल से शुरू होने वाले वितीय वर्ष से लागू होता है. इसे फरवरी के आखरी दिन में पेश किया जाता है.

**ऐसे बनता है बजट:** सितंबर से ही बजट बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है. सभी विभागों, मंत्रालयों को एक सर्कुलर भेजा जाता है. इस सर्कुलर में उन विभागों से अपने खर्च, विशेष परियोजनाओं का ब्यौरा और फंड की आवश्यता की जानकारी मांगी जाती है. इससे बजट की आगे की राह तय होती है.

**पिछड़े क्षेत्र पर ध्यान:** बजट में पिछड़े इलाकों पर फोकस किया जाता है. वहां नई परियोजना में होने वाले खर्च को मद्देनज़र रखते हुए बजट बनाया जाता है. योजनाओं में सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक झुकाव और उसके सहयोगी दलों की इच्छाओं के हिसाब से सुधार किया जाता है.

**इनकम टैक्स स्लैब:** वित्त मंत्री और उनकी टीम को इनकम टैक्स स्लैब तय करने में सबसे ज़्यादा माथापच्ची करना पड़ती है. आम जनता की नज़र इसी पर सबसे ज़्यादा होती है इसलिए वित्त मंत्रालय पर दबाव भी ज़्यादा होता है.

**बजट दस्तावेज़ों की छपाई:** हलवा समारोह बजट से जुड़ी वित्त मंत्रालय की सालों पुरानी परंपरा है, जिसमें हलवा समारोह से बजट के दस्तावेजों की छपाई की प्रक्रिया शुरू होती है.

**ऐसे होता है बजट पेश:** आम बजट को संसद में पेश करने से पहले उसे कैबिनेट के समक्ष रखा जाता है. वित्त मंत्री लोकसभा में बजट सुबह ११ बजे पेश करते हैं. बजट पेश होने के बाद उसपर चर्चा होती है. साधारण तौर पर ये चर्चा २-४ दिन तक चलती है.

## राजौरी जिले में IED ब्लास्ट, सेना मेजर सहित एक जवान शहीद

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में आईईडी बम धमाके में सेना के एक मेजर और एक जवान शहीद हो गए हैं. सूत्रों के मुताबिक यह धमाका राजौरी जिले से सटे थ्द्ण पर पुखेरनी इलाके के रूपमती चौकी के नजदीक हुआ. मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध आतंकवादियों ने राजौरी जिले के लाम सेक्टर में सीमा पर गश्त कर रहे सैनिकों को निशाना बनाकर नियंत्रण रेखा से लगे मार्ग में आईईडी लगा रखा था. जिसके धमाके में एक जेसीओ समेत दो जवान घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया.

सूत्रों ने बताया कि शाम ६ बजे के आस पास हुआ. धमाके के ठीक बाद सेना ने मामले की जांच शुरू कर दी है. स्थानीय पुलिस भी मौके पर है. वहीं पाकिस्तानी सेना की ओर से होने वाले आईईडी धमाकों और हमलों को लेकर सैनिकों को अेलर्ट कर दिया गया है.बता दें कि शुक्रवार को आतंकियों ने श्रीनगर के लाल चौक में पलाडियम सिनेमा के नजदीक CRPF (132 Bn) बंकर पर ग्रेनेड से हमला किया.




आप सभी को सूचित किया जाता है कि २६/०१/१९ को नागपाडा हेड ऑफिस पर फ्लैग हॉस्टिंग का प्रोग्राम जनाब शाकिर पटनी साहेब एआईएमआईएम मुंबई अध्यक्ष की माहे तहत रखा गया है और २७/०१/१९ को कल्याण में होने वाली महासभा की तैय्यारी तमाम एआईएमआईएम और भारिप सभा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से गुजारिश है कि ज्यादा से ज्यादा शरीक हों कर इस प्रोग्राम को कामयाब बनाएं।

आपका - मुराद हुसैन अंसारी, कार्यकर्ता-एआईएमआईएम

## जाकिर नाइक पर प्रवर्तन निदेशालय ने कसा शिकंजा, मुंबई और पुणे में जब्त की करोड़ों की संपत्ति

**शाईस्ता शेख**

**मुंबई:** विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है.

ईडी ने शनिवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए जाकिर नाइक की मुंबई और पुणे स्थित १६.४० करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है. फिलहाल नाइक भारत से भागकर मलेशिया में रह रहा है.जानकारी के मुताबिक जाकिर नाइक पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई की गई है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि संपत्तियों की पहचान मुंबई स्थित फातिमा हाइट्स और आफिया हाइट्स, भांडुप इलाके में एक अनाम परियोजना और पुणे में एंगरेसिया नाम की परियोजना के तौर पर की है.

**CHANGE OF NAME**

**Old Name :**
**Banu Ali K Pathan**
**New Name :**
**Banu Ali Khan**
B/22-102, Jamuna Vaishali C.H.S., Ltd,
S.V. Road, Jogeshwari (W),
Mumbai-400 102.
(X-66525)

## कर्नाटक के काली नदी में लोगों से भरी नाव पलटी, भारतीय नौसेना ने अब तक बरामद किए १६ शव

कर्नाटक के कारवार के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया है. यहां काली नदी के नाम से मशहूर नदी में सोमवार को २४ लोगों से भरी एक नाव अचानक से पानी में डूब गई. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दिया. जिसके बाद जिले के आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचने के बाद इसकी सूचना भारतीय नौसेना को दी गई. खबरों की माने तो नौसेना को इसकी सूचना मिलने के बाद उसके द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के बाद अब तक १६ शव बरामद किए गए है. वहीं बाकि लोगों को ढूंढेने का काम जारी है. बता दें कि कर्नाटक में नाव डूबने की यह पहली घटना नहीं है. इसके पहले पिछले महीने भी एक ऐसी घटना हुई थी, जहा कर्नाटक के समुद्र में एक नाव लापता हो गई थी, जिसका अभी तक पता नहीं चल पाया है.

## मालेगांव केस: बॉम्बे हाई कोर्ट ने पूछा- NIA साक्ष्यों की छायाप्रतियां कैसे की गईं सत्यापित

**संवाददाता**

**मुंबई,** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से पूछा कि उसने और निचली अदालत ने उन कुछ दस्तावेजी साक्ष्यों की छाया प्रतियों की प्रामाणिकता का सत्यापन कैसे किया, जिन्हें उसने २००८ का मालेगांव विस्फोट मामले में आधार बनाया है। न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति एएस गडकरी की पीठ ने एनआईए को इस बारे में बुधवार तक जानकारी देने का निर्देश दिया। मामले के एक आरोपी समीर कुलकर्णी की दायर अपीलों पर सुनवाई के दौरान पीठ ने यह निर्देश दिया।

दरअसल, कुलकर्णी ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत जांच एजेंसी को गवाहों के रेकॉर्ड से गायब बयानों और आरोपियों के इकबालिया बयानों की छाया प्रतियां सौंपने की इजाजत दी गई थी। जनवरी २०१७ में विशेष एनआईए अदालत ने छाया प्रतियों के इस्तेमाल की इजाजत दी थी। जांच एजेंसी ने यह दलील दी थी कि गवाहों के मूल बयान और आरोपियों के इकबालिया बयानों वाली कुछ फाइलें गायब हैं तथा उनका पता नहीं लग पा रहा है।

जांच एजेंसी ने दलील दी कि चूंकि इन बयानों का पता नहीं चल पा रहा है और मामले की कार्यवाही नियमित रूप से चल रही है इसलिए मूल बयानों की प्रतियों को रेकॉर्ड में लिया जाए। इस पर, निचली अदालत ने इस तरह की छायाप्रतियों का इस्तेमाल साक्ष्यों के रूप में करने की इजाजत दे दी। पीठ ने यह भी कहा, 'आप (एनआईए) या विशेष अदालत को यह कैसे पता चला कि ये मूल बयानों की प्रतियां हैं? आप इसे कैसे सत्यापित करेंगे?' पिछले साल अक्टूबर में विशेष अदालत ने गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित और मामले के कुछ अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया था। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मालेगांव में २९ सितंबर २००८ को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकल पर रखे विस्फोटकों में धमाका होने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि १०० से भी अधिक लोग घायल हो गए थे।

**मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है**

**CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)**



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New **Huma** Caterers ®

**Jogeshwari**

★ We Have No Branch ★

*Mohd. Salim*
**9820710325 / 9967865102**
**9867868339 / 26790046**

**: Address :**
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable,
Next to Syndicate Bank, S.V. Road,
Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

*मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह*